


## संक्षिप्त

### डूंगरपुर में सर्दी के तीखे तेवर

**डूंगरपुर, (निसं)।** जनवरी के प्रथम सप्ताह में जैसे ही सर्द हवाओं ने अपना रौद्र रूप दिखाया वैसे ही सर्दी का सितम पिछले दो दिनों से इतना तेज हो गया कि आमजन को घरों में कैद कर दिया। आलम यह था कि सोमवार को तो दिनभर अलाव का सहारा लेते हुए आमजन को देख गया। रविवार रात से ही तेज हवाओं का दौर शुरू हो गया और घने बादलों से आकाश डक गया था। हवाएं इतनी तेज थी कि ठंडी रातें शोर कर रही थी। सोमवार को 10 बजे बाद बादलों का छटना प्रारंभ हुआ,तो सर्दी के तेवर और तीखे हो गए और दिनभर तेज हवा चलती रही जिसके कारण कामकाज प्रभावित रहा। ट्रेनों के समय में भी परिवर्तन देखा गया। धूप निकलने के साथ ही आम नागरिक धूप मे खडा रह कर ठंड से निजात पाने का जतन कर रहा था। वहीं आमजन भी आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकल रहा था। दिनभर चाय की चुस्कियां लेते हुए देखे गए और घरों में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का दौर चला। शाम होने के साथ ही बाजार वीरान होने लगे। फुटपाथ व दिहाडी मजदूर अलाव के सहारे रात गुजारते हुए देखे गए।

### सगस बावजी मंदिर में चोरी की वारदात

**कपासन, (निसं)।** कपासन कस्बे के बडला वाले सगस बावजी मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। बदमाशों ने मंदिर से तीन एलपीजी सिलेंडर, तेल के तीन पीपे, लगभग 15 हजार रुपए की भेंट राशि और सीसीटीवी का डीवीआर चुरा लिया।यह घटना बीती रात सोमेश्वर महादेव दुर्गा माता मार्ग पर स्थित मंदिर में हुई। चोरों ने स्टोर, अन्नपूर्णा रूम सहित तीन कमरों के ताले तोडे। उन्होंने दो भरे हुए और एक आधा भरा हुआ एलपीजी सिलेंडर, साथ ही खाने के तेल से भरे तीन पीपे चुराए।बदमाशों ने स्टोर रूम में रखे भेंट पात्र को भी कुछ दूर ले जाकर खोला और उसमें रखी लगभग 15 हजार रुपए की राशि चुरा ली। इसके अलावा, मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी का डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) भी अपने साथ ले गए। चोर ताले तोडने के लिए इस्तेमाल किए गए औजार मौके पर ही छोड़ गए।

### कंटेनर से भिड़ा ट्रक, दोनों चालक घायल

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में नेशनल हाईवे.8 पर सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रहे कंटेनर को टक्कर मार दी ट्रक में जोरदार भिडंत हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के ड्राइवर घायल हो गए। जिनमें से ट्रक ड्राइवर की हालत गंभीर है। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।जानकारी के अनुसार घटना खरपीना गांव में एनएच.8 पर सुबह 9.3० बजे की है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक टकराते हुए डिवाइडर पर जाकर पलट गया। ट्रक का केबिन बुरी तरह पिचक गया। ट्रक में लोहे के पाइप भरे थेए जो सडक पर बिखर गए।वहीं कंटेनर ट्रक से करीब सौ॰ फीट दूर जाकर पलटा। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई।

# कोहरे की चादर में लिपटा उदयपुर, यातायात प्रभावित

- न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पर लुढ़का, विजिबिलिटी कम होने से यातायात हुआ प्रभावित

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में नये साल के पहले सप्ताह में ही सर्दी तेवर दिखाने लगी है। दिन और रात के तापमान में कमी के साथ ही राजस्थान के कई भागों में शीत लहर का असर देखने को मिल रहा है। लेकसिटी में सोमवार सुबह कोहरा ही कोहरा छाया नजर आया। इस सीजन में उदयपुर में लोगों को इतना घना कोहरा पहली बार नजर आया। उदयपुर के रात के तापमान में भी कमी आयी है। इसका असर सडक, रेल और हवाई सेवाओं पर भी पड रहा है। रविवार को उदयपुर में न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री था जो कि सोमवार को घटकर 7.6 डिग्री पर आ गया।

उदयपुर में सोमवार सुबह हर तरफ कोहरा ही कोहरा छाया नजर आया। सर्दी के इस सीजन में उदयपुर में इतना घना कोहरा पहली बार देखने को मिला है। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने से सुबह के समय सडकों पर वाहनों की गति आम दिनों के मुकाबले कम रही। झीलों के आसपास और पहाडों में कोहरे का प्रभाव और ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में कुछ स्थानों पर मध्यम से घना कोहरा दर्ज किया गया। राज्य में कहीं.कहीं शीत दिन और अति शीत दिन भी दर्ज किया गया।मौसम विभाग के अनुसार उदयपुर सहित राजस्थान के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान भी औसत से नीचे दर्ज हो रहा है। इसके चलते दिन में भी ठिठुरन तेज हो गई है।

उदयपुर शहर में सोमवार सुबह से तेज सर्दी का असर रहा। सीजन का सबसे घना कोहरा उदयपुर के शहरी इलाके में आज रहा। 31 दिसंबर के बाद सर्दी का प्रभाव बढने के साथ ही ग्रामीण इलाके कोहरे के आगोश में थे लेकिन आज शहर कोहरे में था।उदयपुर शहर में सुबह से ही घना कोहरा होने से विजिबिलिटी बहुत कम थी। इस सीजन में इस कदर कोहरे का प्रभाव शहरी क्षेत्र में पहली बार देखा गया है। इससे पहले उदयपुर.चित्तौडगढ नेशनल हाईवे पर तो पिछले करीब पांच दिनों से कोहरे का प्रभाव बना हुआ था।

कोहरे के चलते शहर में सडकों पर वाहन चालक हेडलाइट चलाकर गुजर रहे थे और ट्रैफिक भी कम था। शहर में सुबह झील किनारे भी कोहरे के चलते दूर.दूर तक कुछ नहीं दिख रहा था। मॉर्निंग वॉक के लिए आए लोग भी कोहरे को लेकर चर्चा करते देखे गए।

उदयपुर जिले के घासा पंचायत समिति मुख्यालय सहित आसपास का क्षेत्र घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया। दृश्यता इतनी कम रही कि सडकों और खेतों में कुछ ही दूरी पर देख पाना भी मुश्किल हो गया। कोहरे की वजह से सडकों पर आवाजाही काफी प्रभावित हुई। वाहन चालकों को दिन में भी अपनी गाडियों की हेडलाइट और इंडिकेटर जलाकर सफर तय करना पडा। सुबह देरी तक सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए जिससे ठिठुरन बनी रही।

## कस्बे से अस्थाई अतिक्रमण हटाए

**भीम, (निसं)।** भीम यातायात पुलिस ने कस्बे से अस्थाई अतिक्रमण हटाने ने से हाईवे किनारे और कस्बे के प्रमुख मार्गों पर आवागमन सुचारू हुआ है।

कस्बे के सदर बाजार, डाक बंगला, सब्जी मंडी, अस्पताल मार्ग,तहसील रोड, बलाईओ का कुआं, पडाव, ट्रक चौराया, रोडवेज बस स्टैंड, आदि प्रमुख मार्गों पर दुकानदारों द्वारा अस्थाई अतिक्रमण करने से कस्बे की यातायात व्यवस्था बाधित होने को लेकर पुलिस उप अधीक्षक राकेश वर्मा ,भीम थाना अधिकारी सीआई सवाईसिंह राठौड न के निर्देशानुसार यातायात प्रभारी एएसआई नेमीचंद चौधरी मय जाप्ता ने ट्रक चौराया, सब्जी मंडी मार्ग, हॉस्पिटल रोड, सदर बाजार, त्रिमूर्ति चौराहा आदि प्रमुख मार्गों पर से दुकानदारों द्वारा रास्तों पर किए गए स्थाई अतिक्रमण को हटाकर आवागमन सुचारू कराया गया। जिससे वाहन चालकों एवं आमजन को राहत प्रदान की गई है।

## ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**डूंगरपुर।** जिले में पंचायत समिति और जिला परिषद के वार्डो के पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन पर आपत्ति दर्ज कराने के अंतिम दिन सोमवार को गरदूना पंचायत के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने गरदूना को पंचायत समिति वार्ड शिशोद से हटाकर गामडी देवल में जोडने का विरोध जताया। ग्रामीणों ने मांग की है कि गरदूना को या तो एक अलग पंचायत समिति वार्ड बनाया जाए, या यदि यह संभव न हो तो उसे शिशोद में ही यथावत रखा जाए।

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2025/16262 दिनांक : 5.1.2025

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति कापता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री हीरा लाल गुर्जर पिता श्री छगन लाल गुर्जर निवासी- गच्छालों का गुडा, राजसमंद | भूखण्ड संख्या- 43 क्षैत्रफल-1250 वर्गफिट, श्रीजी रेजीडेन्सी आवासीय कॉलोनी भलावतो का खेडा, नाथद्वारा | 40 फिट रोड | भूखण्ड संख्यां-50 | भूखण्ड संख्यां-42 | भूखण्ड संख्यां-44 |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं संयोजक जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण, राजसमन्द**

क्रमांक सामान्य/सीएमएचओ/सीईए/2025/62 दिनांक: 05.01.2026

प्रारूप-4 ( नियम 6 देखिए )

-: आक्षेप/आपत्ति सूचना पत्र :-

**आक्षेप/आपत्ति फाइल करने के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रास्थिति का संप्रदर्षन**

मैं, डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण ओर विनियमन) अधिनियम 2010 के अधीन संयोजक होते हुए धारा 24 के अधीन 28 अप्रेल 2025 तक की कालावधि के दौरान प्राप्त आवेदनो पर विचार करने के पश्चात् नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण ओर विनियमन) अधिनियम 2010 और तदधीन बने राजस्थान सरकार नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण ओर विनियमन) नियम 2013 के उपबन्धों के समाधान के लिए राजसमन्द जिले की अधिकारिता के भीतर नैदानिक स्थापनो की सूची इसके द्वारा प्रकाशित करता हुं।

| क्र. सं. | नैदानिक स्थापना का नाम | नैदानिक स्थापना का पता | लैब का प्रकार | प्रवर्ग/अनुपालन |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Nathdwara Diagnostic | Opp. Trouma Center, Govt. Hospital, Nathdwara Rajsmand-313301 | Basic Lab | रोगी विज्ञान प्रयोगशाला हेतु अधिसुची न्युनतम मानक |

उपर्युक्त प्रकाशित नैदानिक स्थापना के संबंध में आक्षेप/आपत्ति यदि कोई हो तो अधिनियम की धारा 26 के अधीन यथा-अपेक्षित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख के 30 दिन के भीतर लिखित में मय आक्षेपित दस्तावेजो के दो प्रतियों में व्यक्तिश: अथवा ई मेल आईडी cmho-raj-rj@nic.in के माध्यम से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, राजसमंद को सम्बोंधित करते हूऐ प्रेषित किये जा सकेंगे। ( डॉ. हेमन्त कुमार बिन्दल )

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजसमंद

## यूरिया खाद की किल्लत को लेकर किया प्रदर्शन

**उदयपुर, (कासं)।** सोमवार को मेवाड किसान संघर्ष समिति उदयपुर द्वारा यूरिया खाद की गंभीर किल्लत को लेकर कृषि विभाग की उदासीनता के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट पर एक व्यंग्यात्मक एवं प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान गधों को गुलाब जामुन खिलाए गए तथा यूरिया खाद के कट्टे की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर मेवाड किसान संघर्ष समिति उदयपुर के संयोजक विष्णु पटेल ने कहा कि विगत कई दिनों से किसान यूरिया खाद के लिए दर.दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं, लेकिन कृषि विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। किसान समय पर खाद न मिलने से फसलों को नुकसान झेल रहे हैं, फिर भी प्रशासन आंख मूंदे बैठा है।पूर्व उप.सरपंच मदन डांगी ने कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी किसानों की समस्या का समाधान करने के बजाय कालाबजारी करने वालों को संरक्षण दे रहे हैं

## वरिष्ठ नागरिक जगन्नाथपुरी रवाना

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही नि:शुल्क तीर्थ यात्रा के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की ट्रेन सोमवार को उदयपुर राणा प्रताप नगर रेलवे स्टेशन से जगन्नाथपुरी के लिए दोपहर 1.40 बजे भाजपा शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, निवर्तमान उपमहापौर एवं भाजपा महामंत्री उदयपुर पारस सिंघवी ,देवीलाल सालवी,पंकज बोराना,शहर जिला मंत्री तुषार मेहता, खुशबू मालवीय, राजमल चित्तौडा, अतिरिक्त आयुक्त देवस्थान गीतेश मालवीय,सहायक आयुक्त उदयपुर जतिन कुमार गांधी ,सहायक आयुक्त ऋषभदेव दीपिका मेघवाल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई।

उक्त ट्रेन में राणा प्रताप नगर रेलवे स्टेशन से उदयपुर संभाग के उदयपुर , राजसमंद, सलूंबर, बांसवाडा, डूंगरपुर के 517 वरिष्ठ नागरिक को बैठाया गया,ट्रेन मे चित्तौडगढ रेलवे स्टेशन चित्तौडगढ एवं प्रतापगढ के 189 एवं कोटा रेलवे स्टेशन से संभाग के 264 यात्री सवार होंगे।

ट्रेन 7 जनवरी को जगन्नाथ पुरी पहुंचेगी जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी के दर्शन करवाए जाएंगे एवं वरिष्ठ नागरिकों को कोणार्क के सूर्य मंदिर के भी दर्शन कराए जाएंगे। उक्त ट्रेन का प्रभारी मनीष जोशी अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी झाडोल को बनाया गया है।

उक्त ट्रेन में कुल 97०यात्री एवं एक ट्रेन प्रभारी राजपत्रित अधिकारी, मेडिकल टीम , अनुरक्षक सहित 30 का स्टाफ कुल 10000 यात्री यात्रा कर रहे है। उक्त ट्रेन 10 जनवरी को पुन: उदयपुर लौट कर आएगी। यह जानकारी उदयपुर सहायक आयुक्त जतिन गांधी ने दी। अगली ट्रेन 13 जनवरी को उदयपुर से अयोध्या हरिद्वार ऋषिकेश जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चौकड़ीया, पंचायत समिति गिर्वा, जिला-उदयपुर**

क्रमांक: निविदा/2025-26/132 दिनांक: 05.01.2026

**:- ई-निविदा सूचना संख्या 02-03/2025-26:-**

कार्यालय ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत अन्तर्गत विभिन्न स्वीकृत कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित कि जाती है अत: उक्त कार्य हेतु इच्छुक संवेदको/फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदाएं दिनांक:- 15.01.2025 को प्रात:- 10.00 बजे तक ऑनलाईन ई-प्रोक्योमेंट पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO. ZUD2526WSOB03748
ZUD2526WSOB03749

प्रशासक, ग्राम पंचायत-चौकड़िया, पं.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत-चौकड़िया, पं.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर

## नटावाडा को तम्बाकू मुक्त बनाने का लिया संकल्प

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जनजागृति संस्थान की ओर से गढ़ी उपखंड के नाटावाडा में तम्बाकू मुक्त समाज निर्माण के लिए वेजवा माता मंदिर परिसर में संस्थापक संयोजक रमेशचन्द्र बलाई के मुख्य आतिथ्य व पंचायत प्रशासक शंकरलाल कटारा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

मुख्य अतिथ्य बलाई ने कहा कि वर्तमान में गांव, शहर और धाणी-धाणी में हर प्रकार के नशे को जाने-अनजाने में बढ़ावा मिल रहा है शुरुआत तम्बाकू पदार्थो से होकर आगे अन्य विभिन्न प्रकार के नशे के साथ हो जाती है अगरघर के मुखिया और बड़े लोग स्वयं नशे से दूर रहेंगे तो बच्चों पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्हपोंने कहा कि अगर नयी को तम्बाकू पदार्थो से दूर रखना है तो हमें अपने घर परिवार को तम्बाकू मुक्त वातावरण बनाने का हिस्सा बनना होगा ताकि बच्चों पर इसका बुरा असर नही पड़े वे अच्छी आदतों का अनुसरण करे। उन्होंने कहा कि नयी पीढ़ी बड़ों का ही अनुसरण करती है। इस अवसर पर महिलाओं एवं पुरुषों ने गांव में तम्बाकू मुक्त वातावरण के लिए कोई भी सदस्य किसी भी प्रकार के तम्बाकू पदार्थो का उपयोग नही करेंगे, सामाजिक जाजम पर भी तम्बाकू पदार्थो का उपयोग वर्जित, घर आए मेहमानों को भी तम्बाकू पदार्थो के लिए मनुहार नही करने, गांव में जागरूकता के लिये कमेटी का गठन करने, नटावाडा गांव को पुरी तरह से तम्बाकू मुक्त बनाने के लिये नियम बनाकर पालना का संकल्प जताया। पंचायत प्रशासक शंकरलाल कटारा ने गांव को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिये हर संभव प्रयास के लिये आष्वस्त करते हुए कहा कि वार्ड वार बैठक आयोजित कर गांव के हर व्यक्ति को तम्बाकू पदार्थो के प्रति जागरूक किया जायेगा। बलाई ने ग्रामीणो को तम्बाकू मुक्त रहने के लिए संकल्प दिलाया। बैठक में परतु ताबीयाड, कपिल प्रजापत, रमेश मालिवाड, गांगु मईडा, पुंजा डाबी, हीरालाल खरेडी आदि मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया

**राजसमंद।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सोमवार को सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत जिला परिवहन अधिकारी राघव शर्मा एवं परिवहन निरीक्षक अनीता पंवार ने शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया और सडक सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। अभियान के दौरान विभागीय टीम ने नौ चौकी पाल और महाराणा प्रताप उद्यान सहित प्रमुख स्थलों का भ्रमण कियाए जहां मौजूद पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान 15० से अधिक लोगों को यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट एवं मार्गदर्शिकाएं वितरित की गईं।

परिवहन निरीक्षक अनीता पंवार ने दोपहिया वाहन चालकों को आईएसआई मार्क वाला हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने तथा कार चालकों को सीट बेल्ट के प्रयोग की आवश्यकता के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाने और मोबाइल का उपयोग करते हुए ड्राइविंग के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-समीजा, पंचायत समिति-गोगुन्दा, जिला-उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक: ग्रापस/ई-निविदा/2025-26/95 दिनांक: 05.06.2026

**-: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना-07/2025-26 :-**

ग्राम पंचायत समीजा, पंचायत समिति गोगुन्दा में "सी.सी. सड़क मय नाली निम्रण कार्य गुला/देवा के घर से श्मशान की ओर" के लिए अल्पकालीन ई-निविदा दिनांक 14.01.2026 को सायं 6:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी जानकारी कार्यालय समय पर एवं विभागीय साईट पर sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajathan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त जा सकती है।

| | |
|---|---|
| NIB NO. | ZUD2526A3196 |
| UBN NO. | ZUD2526WSOB03747 |

प्रशासक, ग्राम पंचायत- समीजा, पं.स. गोगुन्दा, जिला-उदयपुर ( राज. )
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत- समीजा, पं.स. गोगुन्दा, जिला-उदयपुर ( राज. )

## प्रदेश स्तरीय चिकित्सा प्रकोष्ठ का गठन

**उदयपुर, (कासं)।** पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के के गुप्ता ने प्रदेश स्तरीय चिकित्सा प्रकोष्ठ का गठन किया। जिसमें डॉ. देवेश गुप्ता को अध्यक्ष,डॉ चिराग अग्रवाल को उपाध्यक्ष डॉ अनिल बंसल को महामंत्री पद पर नियुक्त किया। गुप्ता ने कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर डॉ के एम अग्रवाल एवं डॉ शरद बंसल को सदस्य के रूप में मनोनीत किया। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष केके गुप्ता ने बताया कि इस मनोनयन से चिकित्सा जगत में कार्यरत अग्रवाल समाज के सैकडो चिकित्सक समाज सेवा में अग्रसित होंगे।

## सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण

**बांसवाड़ा, (निसं)।** गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं सोमवार से प्रारम्भ हुई। परीक्षाओं के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. केएस ठाकुर ने स्वयं दोनों पालियों में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

कुलगुरु ने परीक्षा प्रारम्भ होने पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों, परीक्षा नियंत्रक एवं परीक्षा व्यवस्था से जुड़े कार्मिकों को सफल संचालन के लिये धन्यवाद देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को पारदर्शी एवं अनुशासित परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराना है। प्रथम पारी में कुलगुरु ने राजकीय महाविद्यालय बांसवाड़ा, बीवीबी कॉलेज एवं न्यू लूक कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। इन परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं व्यवस्थित रूप से प्रारम्भ पाई गईं। निरीक्षण के दौरान बीवीबी कॉलेज के मुख्य द्वार पर सिक्योरिटी गार्ड की अनुपस्थिति पाई गई तथा परीक्षाएं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल पर आयोजित की जा रही थीं। परीक्षार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुलगुरु ने निर्देश दिए कि जहां तक संभव हो, परीक्षाएं भू-तल एवं प्रथम तल पर ही आयोजित की जाएं। भू-तल एवं प्रथम तल पर परीक्षार्थियों की संख्या पूर्ण होने के पश्चात ही द्वितीय एवं तृतीय तल का उपयोग किया जाए। साथ ही परीक्षा अवधि के दौरान प्रात: से सायं तक सिक्योरिटी गार्ड अथवा चौकीदार की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। द्वितीय पारी दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक में कुलगुरु ने एलबीएस कॉलेज, गनोड़ा; महात्मा गांधी बीएड कॉलेज डांगपाड़ा तथा हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय का निरीक्षण किया।

## प्रताप की प्रतिकृति देखने उमड़ा सैलाब

**उदयपुर, (कासं)।** कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज की निश्रा में चल रहे श्री महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन यज्ञ, पूजा, साधना महामहोत्सव का सोमवार को विधिपूर्वक महपूर्णाहूति के साथ समापन हुआ। महा महोत्सव के प्रांगण में बनाई गई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिकृति आकर्षण का केंद्र बन गई है। प्रतिमा इतनी नयनाभिराम है कि महोत्सव में शामिल श्रद्धालुओं के अलावा आम जन की भारी भीड इस विशाल प्रतिमा को निहारने आ रही है।

# अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों का किया स्थगन

**डूंगरपुर।** बार एसोसिएशन डूंगरपुर द्वारा नव वर्ष मिलन कार्यक्रम के साथ माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा प्रत्येक माह के 2 शनिवार को उच्च न्यायालय के कार्य दिवस घोषित किये जाने एवं न्यायिक क्षेत्र में रात्रिकालीन न्यायालयों के संचालन हेतु प्रस्ताव लिये जाने के विरोध में राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन जोधपुर एवं राजस्थान हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन जोधपुर के निर्देशानुसार सोमवार को एक दिन का न्यायालयों के न्यायिक कार्यो में अधिवक्तागण द्वारा स्वैच्छा से उपस्थिति नही देकर न्यायिक कार्यो का स्थगन किया गया।

बार प्रवक्ता प्रकाश पटेल ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन जोधपुर एवं राजस्थान लाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन जोधपुर द्वारा संयुक्त बैठक में वर्ष 2026 में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा प्रत्येक माह के 2 शनिवार को उच्च न्यायालय के कार्य दिवस घोषित किये जाने एवं न्यायिक क्षेत्र में रात्रिकालीन न्यायालयों के संचालन किये जाने के निर्णय पर विरोध करते हुए सोमवार को माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर सहित समस्त अधिनस्थ न्यायालयों के न्यायिक कार्यो में अधिवक्तागणो द्वारा स्वेच्छा से उपस्थिति प्रदान नही किये जाने का निर्णय लिये जाने हेतु बार सभागार में अध्यक्ष नागेन्द्रसिंह चुण्डावत के नेतृत्व में अधिवक्तागण द्वारा सभा आयोजित की गई।

जिसमें दोनों एसोसिएशन द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा रात्रिकालीन न्यायालयों के संचालन के निर्णय का विरोध करते हुए अधिनस्थ न्यायालय में सप्ताह में पांच दिन कार्य दिवस घोषित किये जाने की मांग रखते हुए अवगत कराया की जिला मुख्यालयों पर रेवेन्यु कोर्ट, ए.डी.एम.,एस.डी.एम. सहित राज्य सरकार के अधिकरण सप्ताह में 5 दिवस कार्यरत रहते है, इसलिए अधिनस्थ न्यायालयों में भी 5 दिन कार्य दिवस किया जावे और अपनी मांग को लेकर विरोध स्वरूप डूंगरपुर बार एसोसिएशन द्वारा आज न्यायिक कार्यो का बहिष्कार करते हुए अधिवक्तागण द्वारा न्यायिक कार्यो में सवेच्छा से अपनी उपस्थिति प्रदान नही कर न्यायिक कार्यो का स्थगन किया गया।

साथ ही नव वर्ष मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी अधिवक्तागण द्वारा एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाए देते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलायी गई और आगामी वर्ष 2०26 में अधिवक्तागण के हितो के लिये नवाचार करते हुए बार एवं बेंच का सामंजस्य बनाते हुए कार्य किये जाने का संकल्प लिया। वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीलाल जैन, संजीव भटनागर,डॉ. शंकर यादव, सिद्धार्थ मेहता, दिनेशचन्द्र चौबीसा, शार्दुल सिंह राठौड, अब्दुल सलाम गौरी ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर नवीनचन्द्र शर्मा, सुरेश गांधी, गोपाल सिंह राठौड, अल्लाहनूर मंसुरी, प्रकाश पटेल, अमृतलाल पंचाल, नरेश जोशी, प्रवीण शुक्ला,महेश कुमार जैन, हितेन्द्र कलाल, शैलेष कुमार भण्डारी, हितेष भण्डारी,नगीन पटेल, विवेक दीक्षित, विजय कुमार रावल, सईद जमान पठान, अमोल जैन, मुकेश कुमार अहारी, सरोज भण्डारी, स्वाति पारिक, स्वीटा जैन,अंजना ननोमा, रसीला सिंह राठौड, कन्हैयालाल सफात हुसैन मंसुरी, उमंग शर्मा, संदीप भट्ट, विकास जांगिड, नवीन चौबीसा,जयदीप सिंह,मनमथ दीशिथ,लीलावती कटारा, विश्राम घोघरा, मोहम्मद सरहान खान, गोपाल कृष्ण मीणा,मुकेश कुमार कटारा, सुरेश कुमार कलासुआ आदि कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन**

मैं आंचल नरेंद्र नंदवाना पुत्री नरेंद्र नंदवाना निवासी 23 सिल्वर सिटी आसोटिया कांकरोली तह. व जिला राजसमंद मेरा नाम पूर्व में नंदवाना आंचल नरेंद्र कुमार था अब मैने मेरा नाम आंचल नरेंद्र नंदवाना रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2025/16268 दिनांक : 5.1.2026

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति कापता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्री शफाकत अली पिता श्री लियाकत अली निवासी सिंधीयों की मस्जिद के पास, पाली। | भूखण्ड क्षेत्रफल 464.62 वर्गफिट, बागरवाडा, नाथद्वारा | गणेशलाल पिता श्री चौथमल सुराणा का मकान | गोविन्द प्रजापत का मकान | रोशनलाल महाजन का मकान | आम रास्ता |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./तामिर/2025/16265 दिनांक : 5.1.2025

**- : आपत्ती सूचना :-**

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्ड/भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति कापता | पड़ौस का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमती कमला देवी पत्नि श्री धर्म चंद सिंघवी | भूखण्ड संख्या-02 क्षैत्रफल- 1949.46 वर्गफिट, सामान्य चिकित्सालय के पास लाल बाग, नाथद्वारा | 40 फिट रोड | अन्य भूमि आ.न.172 | भूखण्ड संख्या-01 | भूखण्ड संख्या-14, 03 |
| 2. | श्रीमती कमला देवी पत्नि श्री धर्म चंद सिंघवी | भूखण्ड संख्या-01 क्षैत्रफल-1413.21 वर्गफिट, सामान्य चिकित्सालय के पास लाल बाग, नाथद्वारा | 40 फिट रोड | अन्य भूमि आ.न. 172 | रिजर्व सुविधा क्षेत्र | भूखण्ड संख्या-02 |
| 3. | श्रीमती रीना पत्नि श्री दीपक कुमार | भूखण्ड संख्या-07 क्षैत्रफल- 1848.50 वर्गफिट, भलावतो का खेडा, नाथद्वारा | आवासीय भूमि | 30 फिट रोड | भूखण्ड संख्या-08 | भूखण्ड संख्या-06 |

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

